discussion in the House I would have come back from my foreign visit where I am going to make my efforts in search of oil and I hope that the goodwill and the good wishes of this honourable House will be with me in my efforts to do the needful.

13.20 hrs.

PUBLIC ACCOUNTS COMMITTEE

HUNDRED AND EIGHTEENTH AND HUNDRED AND TWENTY-THIRD REPORTS

SHRI P. V. NARASIMHA RAO (Hanamkonda): I beg to present the following Reports of the Public Accounts Committee:—

(1) Hundred and eighteenth Report on Action Taken by Government on the recommendations of the Committee contained in their Seventy-first Report relating to Posts and Telegraphs.

(2) Hundred and twenty-third Report on Paragraph 47 of the Report of the Comptroller and Auditor General of India for the year 1976-77, Union Government (Civil), Revenue Receipts, Volume II, Direct Taxes on Voluntary Disclosure of Income and Wealth Scheme, 1975 relating to the Ministry of Finance (Department of Revenue).

COMMITTEE ON PUBLIC UNDERTAKINGS

EIGHTEENTH AND NINETEENTH REPORTS

SHRI JYOTIRMOY BOSU (Diamond Harbour): I beg to present the following Reports of the Committee on Public Undertakings:

(1) Eighteenth Report on Action Taken by Government on the recommendations contained in the Seventh Report of the Committee on Central Inland Water Transport Corporation——Objectives and River Services.

(2) Nineteenth Report on Action Taken by Government on the recommendations contained in the Ninth Report of the Committee on Central Inland Water Transport Corporation——Mismanagement in Organization, Administration and Financial Matters.

13.22 hrs.

DEMAND FOR GRANTS, 1979-80—*contd.*

MINISTRY OF HOME AFFAIRS—*contd.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up further discussion and voting on the Demands for Grants under the control of the Ministry of Home Affairs.

Shri Manoranjan Bhakta.

SHRI MANORANJAN BHAKTA (Andaman and Nicobar Islands): Mr. Deputy-Speaker, Sir, one of the objects of the Home Ministry is to provide good administration for the Union Territories and their proper development. As I was saying, what type of Government has been provided to the Union Territory of Andaman and Nicobar Islands!

MR. DEPUTY-SPEAKER: I think you had finished your speech yes-

SHRI MANORANJAN BHAKTA: I will conclude just in a few minutes.

MR. DEPUTY-SPEAKER: All right.

SHRI MANORANJAN BHAKTA: It is absolutely a bad type of Government provided there with iron curtain. When a Member of Parliament duly elected from that constituency is not permitted to use loudspeaker,

[Shri Manoranjan Bhakta]

you can well understand the type of Government existing there. As a Member of Parliament, I want to meet my people and go to different islands for this purpose. Obstruction is created so that I cannot go. The tour programmes had to be cancelled. You can well imagine the type of Government there.

Sir, the problems in the Islands are mounting up. The unemployment problem is very acute there. The number of unemployed youth is increasing and there is no employment potential in the Union Territory. The poor and weaker sections of people have been claiming for house sites; they are asking for surplus agricultural land to be allotted to them, but no action has been taken on these issues. That is why, I had submitted a 90-point charter of demands to the Prime Minister. A month was given to them for consideration, but nothing was done. Ultimately, I had to go on fast which continued for 15 days. When the hon. Prime Minister visited that place, or the other Ministers went there, they had not the elementary courtesy to send me a letter about their visit. I am the lone Member of Parliament representing this Union Territory. Many hon. Members from this side and that side who have visited that territory, would have their own experience of the type of administration that exists there.

I know, the hon. Minister of State for Home Affairs, Shri Dhanik Lal Mandal comes from a very poor and down-trodden class and he is well aware of the problems of the people there and how they have been curbing the democratic rights of the people. In the question hour, I showed a photograph of three old ladies who had lost their fingers on account of the atrocities committed on them.

Mr. Deputy-Speaker, Sir, I have no other forum to ventilate the grievances of our people except this House. It is only during the discussion on the Demands for Grants of the Home Ministry, when I can ventilate the grievances of the people of that area. I want to appeal to the Hon. Minister not to be cruel to us and not to have a partisan attitude. You should have a fair attitude towards this small and remote Union Territory, and do justice to us. You must provide us with some sort of a democratic set up. You must see that only those officers who are unwanted in Delhi or other parts of the country are not shunted there. That is my request.

I hope, the hon. Minister will definitely look into these and other problems of this Union Territory very carefully and sympathetically.

श्री श्रीकृष्ण सिंह (मुंगेर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं गृह विभाग की मांगों के समर्थन के लिए खड़ा हुआ हूं और इस सिलसिले में कुछ बातें निवेदन करना चाहूंगा ।

गृह विभाग की तरफ से जो बुलेटीन निकले हैं उन में बतलाया गया है कि विधि व्यवस्था को ठीक करने के लिये कितनी सारी कार्यवाहियां की गईं, पिछड़े वर्ग आयोग, अल्पसंख्यक आयोग, हरिजन और जन-जातियों के लिए भिन्न-भिन्न आयोग, प्रधान मंत्री की चिन्ता ला एण्ड आर्डर के बारे में और उस के लिए विपक्ष के लोगों के साथ जो बैठकें हुईं, मुख्य मंत्रियों के साथ जो बैठकें हुईं और ये राव जो कार्यवाहियां हुई हैं, उन का विवरण उन में दिया हुआ है, लेकिन इन सब चीजों के बावजूद अपराध कुछ बढ़ रहे हैं कुछ मात्रों में और ये संगठित अपराध का रूप ले रहे हैं । बार बार उन की पुनरावृत्ति हो रही है । इन अपराधों के चरित्र को देखने से लगता है, कि इस की गहराई में अध्ययन करने की जरूरत है कि कौन सी परिस्थितियां हैं, कौन से आधारभूत कारण हैं, जिन के चलते ये सब अपराध घटित हो रहे हैं, घटित होने में मदद पहुंचाते हैं । हम पुलिस संस्थान से अपेक्षा रखते हैं कि वे अपराधों की रोक थाम करेंगे । उन का विश्लेषण करना भी उन की जिम्मेदारी है लेकिन पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों की मनःस्थिति क्या है, वास्तविक स्थिति क्या है ? क्या वजह है कि पुलिस और जनता के बीच में जो एक रिश्ता होना चाहिये, आज वह रिश्ता नहीं है । बल्कि एक भय और अविश्वास का रिश्ता है । भय और शंका से ये मुक्त नहीं हैं। आम नागरिक आज भी यह समझता है कि

पुलिस प्राय: जनता के प्रति उदासीन रहती है और उस के प्रति शंका की भावना आम नागरिक के मन में है । पिछले 30 वर्षों में क्या कोई कोशिश कांग्रेस के शासन में की गई कि पुलिस और जनता के बीच में जो खाई है, जो दूरी है, उस को कम किया जाए और दोनों की मन: स्थिति में परिवर्तन लाया जाए ? क्या इस के लिये कोई कार्यवाही की गई ? गहराई से अध्ययन करने से पता लगेगा और सरसरी तौर पर भी पता लगेगा कि कोई कार्यवाही नहीं हुई है । पुलिस का जो वर्तमान मूलभूत ढांचा है, वह आज की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में हम को निरर्थक लगता है, अक्षम लगता है । आज के समय की जो चुनौती है, उस को वह स्वीकार नहीं कर सकता । पुलिस का यह चरित्र शायद ब्रितानी साम्राज्य से विरासत में मिला है, जिस में सुधार करने की जरूरत है । पिछले 30 वर्षों में क्या हुआ ? हम अपनी इस सरकार को धन्यवाद देते हैं कि इस ने पहली बार राष्ट्रीय पुलिस आयोग बिठाया । जो आयोग 1947 में ठीक आजादी के बाद, बैठ जाना चाहिए, वह नहीं बैठा था । आजादी के बाद पुलिस के चरित्र में, उस की भूमिका में परिवर्तन लाने के लिए 1947 के बाद, आजादी के ठीक बाद आयोग बैठ जाना चाहिए था, लेकिन वैसा नहीं हुआ । 30 साल के बाद हम इस सरकार को धन्यवाद देते हैं कि पहली बार राष्ट्रीय पुलिस आयोग का इस ने गठन किया है । इस चीज को देखने के लिए कि पुलिस की भूमिका क्या हो, इस का चरित्र क्या हो और इस को ठीक ठाक करने के लिए क्या किया जाय । आज तो एक आम आदमी पुलिस को बेसरोकार और निरर्थक मानता है और यह समझता है कि पुलिस और अपराधी के बीच में सांठ-गांठ है और उसकी वजह से अपराधी फल-फूल रहे हैं । पुलिस के जो बड़े बड़े अधिकारी हैं, वे भी अपनी अक्षमता को समझ रहे हैं और वे बेचारे भी चिन्तित हैं कि पुलिस में कैसे सुधार हो, वे भी परेशान हैं । और स्थिति यह है कि आज रूल आफ़ ला नहीं है बल्कि रूल आफ आर्डर चल रहा है । इंगलैंड में सर राबर्ट मार्क जो पुलिस के भूतपूर्व आयुक्त थे लन्दन के, उन्होंने कहा था कि पुलिस जनता और कानून की सेवक है और किसी अन्य की नहीं यहां तक कि सरकार की भी नहीं । लेकिन यहां पर पुलिस आयुक्त क्या इस बात को मानने को तैयार है ? यहां पुलिस इस्तेमाल हो रही है राजनीतिक दलों, सत्ताधारी दल से । पिछले 30 सालों में ऐसा ही चलता रहा है यहां के पुलिस आयुक्त में इतना दम नहीं इस बात को कहने का कि हम किसी के भी सेवक नहीं हैं, सरकार के भी नहीं हैं, हम तो कानून के प्रति जिम्मेदार हैं, अदालत के प्रति जिम्मेदार हैं, लन्दन में वहां की संसद को ही यह अधिकार है कि वह पुलिस आयुक्त को सस्पेंड कर सके या कोई और दूसरी कार्यवाही करे, पुलिस की भूमिका के बारे में या पुलिस की व्यवस्था के बारे में । हमारे यहां ऐसा नहीं है । इस का कारण क्या है ? 1861 का जो भारतीय दंड संहिता कानून है, उस में कहीं भी 'सेवा' का उल्लेख नहीं है और हम को ऐसा लगता है कि हम एक नई आधुनिक लड़ाई पुराने हथियारों के बल पर लड़ रहे हैं । पुलिस को हमने वही भारतीय दण्ड संहिता दी है जिस में आज तक कोई परिवर्तन नहीं हुआ । उसी हथियार पर उस से हम कहते हैं कि तुम अपराध का विश्लेषण करो, अपराधी को पकड़ो और अपराध की रोकथाम करो । यह हारे हुए युद्ध जैसी बात है ।

सब से पहले 1859 में पुलिस आयोग बना था । हिन्दुस्तान में जब 1857 में विद्रोह हुआ था तो उस पराजय के दो वर्ष के बाद भारत में यह आयोग बना और दूसरा आयोग लार्ड कर्जन ने 1902 में बिठाया था । उस पुलिस आयोग ने पता लगाया था कि 1859 वाले आयोग में बहुत सारी खामियां थीं और उसे अंग्रेजों ने इस उद्देश्य से बिठाया था कि हिन्दुस्तान में पुन: हमें सेना पर निर्भर न रहना पड़े और आंतरिक शांति के लिए पुलिस तंत्र को ऐसा विकसित किया जाए कि देश में कभी विद्रोह न हो और अगर हो तो पुलिस तंत्र से उसका मुकाबला कर उसे समाप्त कर दिया जाए । इसी दृष्टि से यह आयोग बना था । लार्ड कर्जन थे एक हद तक लोकतांत्रिक मगर वे उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद के प्रतिनिधि थे, इसलिए वे चाह कर भी कुछ नहीं कर सके । 1902 का पुलिस आयोग भी कोई ज्यादा काम नहीं कर पाया । हमारे यहां के जो एक भूतपूर्व पुलिस अफसर श्री के० एम० रुस्तम साहब हैं उनका भी यही कहना है कि हमारे यहां की पुलिस का जो कांस्टेबल है, वह सब से बड़ा दलित वर्ग है । उसको बहुत कम तनख्वाह मिलती है । उस का काम जनता की सेवा न कर के, बल्कि अंग्रेजों ने जो सोचा था कि ऐसी सस्ती पद्धति का विकास करो जिससे शासन तंत्र चल सके । लार्ड कर्जन के सामने आयोग ने दो सिफारिशें की थीं—एक तो यह कहा कि पुलिस में शिक्षित आदमियों को लाना चाहिए और अच्छा वेतन दे कर लाना चाहिए । मगर अर्थ के कारण, फण्ड के कारण इस सुझाव को नहीं माना गया । दूसरा सुझाव था कि अनपढ़ आदमियों को लाना चाहिए जिनके सामने कोई विवेक और जिम्मेदारी न हो । ऐसे ही सिपाहियों को ले कर इस पुलिस तंत्र का विकास किया गया और आज भी वही चला आ रहा है ।

पुलिस तंत्र में दक्षता और ईमानदारी लाने के लिए इस बात की आवश्यकता है कि निचले कर्मचारियों की सेवा स्थिति में सुधार हो । यह सुधार तभी संभव और सार्थक होगा जब सारा ध्यान नीचे के लोगों पर केन्द्रित किया जाए । पुलिस दल में 80 परसेंट सिपाही होते हैं । इस संस्था का जो आचरण है वह इन्हीं लोगों का आचरण होता है और उसी का प्रभाव जनता पर पड़ता है । अगर इन लोगों का सिपाही आचरण और व्यवहार खराब है तो जनता समझती है कि पुलिस का आचरण खराब है । पिछले तीस वर्षों में क्या शांति व्यवस्था में कोई ऐसा काम हुआ है कि जिस से

[श्री श्रीकृष्ण सिंह]

यह पता चल सके कि इस विभाग की स्थिति में सुधार किया गया हो ? पुलिस बिचारी बराबर जूझती रही है शांति व्यवस्था और विधि-व्यवस्था को संभालने में वह तनावों का शिकार है। उसकी स्थिति को आप दिल्ली में ही देख लीजिए। पुलिस के सिपाही को 240 रुपये महीना मिलता है जो कि एक अन-स्किल्ड लेबर, अकुशल लेबर की तनख्वाह से भी कम है। उसे 12-12 घंटे तक ड्यूटी पर खड़ा रहना पड़ता है। उसे अपने लिए नाममात्र का टाइम मिलता है। उसे नाममात्र का भत्ता मिलता है जो कि डेढ़ रुपये रोज है। उस के पास जो सामान है, जीप गाड़ी यंत्र वगैरह: वे सब इतने पुराने और आऊट मोडिड हैं कि उन से काम नहीं चल सकता। क्या आप इस के बल पर विधि व्यवस्था को सुधारना चाहते हैं ? उपाध्यक्ष महोदय, हम चाहेंगे कि इन सब चीजों पर ध्यान दिया जाए।

लेकिन क्या इस से पुलिस का रूपांतरण हो जाएगा। उसकी भूमिका को भी बदलना होगा। पुलिस को स्वतंत्र बनाना होगा। ब्रिटेन में, लन्दन में पुलिस आयुक्त को संसद ही हटा सकती है। वह कानूनी अदालतों का आदमी है। वह किसी मंत्री या राजनीतिक दल के आदेश पर काम नहीं करता। भारत में इसका इस्तेमाल सत्ताधारी दल अपने काम के लिए करता है। हम चाहते हैं कि अगर इसे जनता का सेवक बनाना है तो पुलिस की भूमिका को बदलना होगा। केवल उसकी तनख्वाह बढ़ाने और उसके साधन बदलने मात्र से ही कुछ नहीं होगा, बल्कि उसकी भूमिका को भी बदलना होगा। तभी जा कर जनता का सेवक हम उसको बना सकते हैं। पुलिस द्वारा मांग की जाती है कि हमारा अधिकार बढ़ाया जाए। हम देखते हैं अधिकार बढ़ाने से व्यक्ति भ्रष्ट भी हो जाता है। हां राजनीतिक हस्तक्षेप बंद होना चाहिए। राजनीतिक लोग इस बात में खुश होते हैं कि फलां का हम ने ट्रांसफर करा दिया, उसको बदलवा दिया। यह काम की बंद होना चाहिए। लेकिन आज यह भी देखा जाता है कि बाहर के आदमी, राहत महसूस करते हैं, राजनीतिक दल के आदमी से। पुलिस आंतक से राजनैतिक लोग ही रक्षा करने में सहायक हैं। कहीं गाड़ी में चले जाइये, चैक पोस्ट्स बनी हैं, वहां नियुक्त पुलिस कर्मचारी खुल कर ट्रक वालों से पैसा ले रहे हैं। लेकिन अगर किसी राजनीतिक दल का आदमी रहे तो पुलिस वाले घबड़ा जाते हैं। इसलिये मेरा कहना है कि पुलिस अपना चरित्र और भूमिका बदले। साथ ही राजनीतिक दल के लोग भी पुलिस के मामले में दखलंदाजी न करें, उनको इस हस्तक्षेप से आजादी मिलनी चाहिये।

3 अगस्त, 1978 को आन्तरिक सुरक्षा कानून रद्द किया गया, नजरबन्दों की रिहा किया गया। 2,568 नक्सलवादियों की रिहाई हुई। लेकिन उसकी स्याही सूख भी नहीं पायी थी, मध्य प्रदेश में मिनि मीसा लगाया गया, गुंडा अधिनियम बनाया गया। बिहार में अपराध नियंत्रण अध्यादेश 30 सितम्बर को लागू किया गया। यह देखने में तो छोटा लगता है, लेकिन है बहुत खोटा। जिलाधिकारियों को अधिकार है कि जिसको चाहें उसको उठा कर बन्द कर दें। कमिश्नर को अधिकार दिया गया है अपील सुनने का। राज्य स्तर पर कोई रिव्यू बोर्ड नहीं है, न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं है। इस प्रकार नौकरशाही के हाथ में नागरिकों की आजादी बन्धक रख दी गई है। जिस जहरीले दिमाग ने मीनी मीसा जैसी चीज बनायी है उस दिमाग को लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता है। यह तानाशाही का द्योतक ही माना जायेगा। आपातकाल के प्रवर्तकों के बारे में हम बराबर कहते हैं कि उनका दिमाग तानाशाही था। लेकिन जनता पार्टी की सरकार में जो लोग ऐसे कानून बना रहे हैं वह एक ही थैली के चट्टे बट्टे हैं। उनका दिमाग भी उतना ही जहरीला है। भले ही स्लोगन लगाने के लिये कह दें कि इंदिरा गांधी और संजय गांधी ब्रिगेड के लोग तानाशाह थे, लेकिन हमारा भी दिमाग उतना ही संकुचित है। क्या आई०पी०सी० में सुधार कर के हम असामाजिक तत्वों को काबू में नहीं कर सकते हैं ? कर सकते हैं। 1973 में क्रिमिनल प्रोसीजर कोड में जो संशोधन हुआ उसके अनुसार अगर अपराधी 60 दिन तक जेल में रहता है और पुलिस अपनी रिपोर्ट नहीं भेजती है तो कोर्ट को अधिकार है कि 61वें दिन उसको जमानत पर छोड़ सकती है। आज होता यह है कि बहुत सारे अपराधी लोग पुलिस के यहां पैरवी करते हैं कि हमारी रिपोर्ट पुलिस न भेजे ताकि कोर्ट उनको जमानत पर 61वें दिन छोड़ दे। क्यों नहीं इस अवधि को बढ़ाकर 120 दिन किया जाता है ? और डकैती तथा मर्डर केसेज में इस को लागू नहीं होना चाहिए।

अभी प्रधान मंत्री जी ने मुख्य मंत्रियों की कानफ्रेंस बुलायी थी जिसमें कहा गया कि 1973 में जो सेपरेशन आफ़ जुडिशियरी और ऐग्जीक्यूटिव हुआ था, कुछ मुख्य मंत्रियों ने यह सवाल उठाया कि यह गलत काम हुआ था वह ठीक नहीं था। फिर से ऐग्जीक्यूटिव के हाथ में अधिकार देना चाहिये कि वह मागनीजेन्स का अधिकार ले ले। स्टेट्समैन ने इस पर लेख लिखा है, चुटकी ली है। जनता पार्टी के लोग दावा करते हैं कि हम लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रवर्तक हैं। लेकिन जनता पार्टी के कुछ मुख्य मंत्रियों का यह हाल है कि आज वह चाहते हैं कि इस सेपरेशन को समाप्त करना चाहिये। कार्यकारी को अधिकार लौटाना चाहिये।

हरिजनों पर अत्याचार की बहुत कहानियां गायी जाती हैं। प्रैस के द्वारा भी धुआंधार प्रचार होता है। असली बात यह है कि हरिजनों में प्रतिरोध की ताकत बढ़ रही है, उनके अन्दर जो हजारों सालों की हीन भावनायें थी वह घट रही हैं और उनमें भी टक्कर लेने की स्थिति पैदा हो रही है। ऊंची जातियों के दिमाग में जो अहंकार की भावना थी कि हम से यह लोग छोटे हैं आज हरिजन वर्ग उसका प्रतिरोध कर रहे हैं। कंझावाला के सवाल पर जो प्रदर्शन हुआ वह मध्यम जातियों की उभार का उदाहरण है। लेकिन आज सारी पृष्ठभूमि में मैं एक बात कहना चाहता हूं कि तीन स्टेजेज आती हैं। एक होती है पराधीनता की स्टेज, इसमें जब लोग विद्रोह करते हैं तो उनको बागी कहते हैं, अनुशासनहीन कहते हैं। छात्र समाज और

श्रमिक वर्ग को कहा जाता है कि अनुशासन तोड़ने वाले हैं। लेकिन पराधीनता के विरुद्ध जो लड़ाई है, उसको हम विद्रोह मानते हैं। चाहे वह विदेशी पराधीनता हो या देशी पराधीनता। पराधीनता के खिलाफ़ लड़ाई को विद्रोह की संज्ञा दी जाती है। पराधीनता जब मिट जाये, विद्रोह जब सफल हो जाये, तो जो स्टेज पहले आयेगी वह स्वच्छन्दता की स्टेज होगी और दूसरी स्टेज स्वतंत्रता की होगी। आज हम जिस संक्रमण स्टेज से गुजर रहे हैं, यह कोई स्वतंत्रता की स्टेज नहीं है। आज श्रमिक वर्ग, चाहे कोई भी क्लास हो, वह अपने हक के लिये लड़ रहा है, छात्र भी लड़ रहे हैं। जहां देखिये वहां स्वच्छन्दता की मनोवृत्ति है, आज हम ट्रांजीशन के पीरियड में हैं। स्वतंत्रता तो विवेक से आती है, जब हम समझेंगे कि हमारी इस कार्यवाही में समाज और राष्ट्र का हित होगा।

रेल में बिना टिकट सफर करना, टी०टी० को पीटना, मार-पीट करना, होली, ईद, बकरीद आदि किसी त्यौहार में कोई तनाव हो जाये तो रेल गाड़ी का गद्दा उखाड़ना, पत्थर फेंकना वगैरह यह सब स्वच्छन्दता है, यह स्वतंत्रता हरगिज नहीं है। मगर यह स्टेज है और कुछ काल तक रहेगी। जब 19 महीने इस देश में पराधीनता रही, 19 महीने के पहले पूरे दशक तक तैयारी चल रही थी, यह नहीं कि 25 जून को अपने आप सूरज उगा तानाशाही का, ऐसी बात नहीं है। 25 जून, 1975 के पहले देश में तैयारी हो रही थी, देश तानाशाही की तरफ़ बढ़ रहा था, देश का अर्थ-तंत्र, राजनैतिक तंत्र और प्रशासन तंत्र सब तानाशाही की तरफ बढ़ रहे थे। 25 जून, 1975 से 19 महीने तक देश पराधीन रहा और लोग बन्द बोतल में डूबे रहे जो सफोकेशन की स्थिति थी। आज स्वच्छन्दता का स्टेज है। हमारी सरकार को इस बात को नजरन्दाज नहीं करना चाहिये। यह बात मानकर नहीं चलना चाहिये कि आज छात्रों में अनुशासनहीनता है या मजदूरों और श्रमिकों की अकारण हड़ताल होती है। कहीं वह अगर बोनस के लिये लड़ते हैं या राष्ट्र के हित को नहीं देखते हैं तो यह स्वाभाविक है, यह लोग लड़ेंगे। इस तथ्य को सरकार को ध्यान में रखना चाहिये। आज सभी मुद्दों पर हमारे प्राइम मिनिस्टर बहुत चिन्तित हैं, कभी हरिजनों की मीटिंग में जाते हैं और कभी विपक्षियों के साथ मीटिंग करते हैं। चाहे अलीगढ़ का दंगा हो या कहीं का हो, यह ठीक है कि अल्पसंख्यकों के दंगों की तादाद घटी है। यह सब काम प्राइम मिनिस्टर की मात्र चिन्ता को व्यक्त करते हैं। लेकिन हमारा काम निषेधात्मक नहीं, नकारात्मक कार्यवाही नहीं, हमारा कुछ काम रचनात्मक होना चाहिये।

हिन्दू-मुस्लिम एकता की खाई को पाटने के लिये पिछले 30 वर्षों में क्या हुआ? जो हीन भावना है, मुसलमान अपने को सौतेला भाई मानते हैं। पिछली सरकार ने उन्हें 30 बरसों तक एक-दूसरे की पीठ ठोंककर लड़ाया, दोनों के बीच की खाई को नहीं पाटा। इस सरकार की हिन्दू-मुस्लिम दोनों को, मन की खाई को, अल्प-संख्यकों और बहुसंख्यकों के मन की खाई के खार को दूर करने और पाटने का काम करना चाहिये। यह काम कई तरीकों से हो सकता है। जैसे भाषा का सवाल है, संस्कृतनिष्ट भाषा की जगह हिन्दुस्तानी भाषा जिसमें उर्दू, बंगला, तामिल शब्द रहें का इस्तेमाल करें। जैसे ऐतिहासिक अशोक चक्र को चलाया उसी तरह से मैं कहना चाहता हूं कि हमारे देश में शेरशाह ने पेशावर से हावड़ा तक लम्बी सड़क बनाई, उसे अंग्रेजों ने ग्रांड ट्रंक रोड का भद्दा नाम दिया। हम क्यों नहीं उसका नाम बदलकर शेरशाह पथ रखते हैं? शेरशाह हमारे देश के पुरखे रहे हैं। हमें ऐसे बहुत काम करने चाहिये। इससे हम हिन्दू-मुस्लिम एकता जिन्दा कर सकेंगे, दोनों के मन की खाई को निकालने का काम कर सकेंगे। हमें इस सम्बन्ध में रचनात्मक कार्यवाही करनी चाहिये। जो प्रधानमंत्री कर रहे हैं, सरकार कर रही है, वह सराहनीय है, मैं चाहता हूं इससे आगे बढ़कर काम किया जाये। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिये धन्यवाद।

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री धनिक लाल मंडल): उपाध्यक्ष महोदय, हरिजनों पर जुल्म और सितम की कहानी इस बार भी सुनने में आई। माननीय सदस्यों ने इस बारे में बड़ी चिन्ता जाहिर की। माननीय सदस्य, डा० कर्ण सिंह, ने यहां तक कहा कि हमारे राष्ट्रीय जीवन का ताना-बाना ढीला हो रहा है सीमान्त पर ढीला हो रहा है, चाहे वह उत्तर-पूर्व सीमांत हो या उत्तर-पश्चिम सीमांत हो। उन्होंने कहा कि देश के अन्दर भी जातीय विद्वेष है, जातीय दंगे हो रहे हैं, हरिजनों और आदिवासियों पर अत्याचार और जुल्म हो रहे हैं, जिस से हमारी नेशनल लाइफ़ का फ्रेब्रिक, राष्ट्रीय जीवन का ताना बाना, ढीला हो रहा है, और यह हमारे लिये खतरे की बात है।

मैं माननीय सदस्यों को बताना चाहता हूं कि यह सवाल, जिस को हम हरिजन या आदिवासी सवाल कहते हैं, हमारे हृदय के बहुत निकट है। हम इस सवाल से बहुत ही चिन्तित हैं और इस का हल करने के लिए हम जितना भी प्रयास, कोशिश, कर सकते हैं, वह हम कर रहे हैं। अत्याचारों की ये घटनायें यद्यपि राज्यों का विषय हैं, क्योंकि विधि-व्यवस्था कायम करना, और विधि व्यवस्था का उल्लंघन करने वाले को सजा देना राज्यों का विषय है, फिर भी जहां तक हरिजनों और आदिवासियों के उत्पीड़न का सवाल है, हम बराबर राज्यों से सम्पर्क बनाये रखते हैं, स्थिति पर पूरी निगरानी रखते हैं, और जहां कहीं भी हम समझते हैं कि राज्य सरकारों को सलाह या परामर्श देने की जरूरत है, या राज्य सरकारों की ओर से जहां कहीं भी सहयोग के लिए मांग होती है, तो हम उस पर अवश्य विचार करते हैं।

इस विषय में समय समय पर जो आदेश या डायरेक्शन्स दिये गये हैं, उन सब को रीव्यू करने क

[श्री धनिक लाल मण्डल]

लिए, उनका जायजा लेने के लिए, हमने पिछले दिनों राज्यों का दौरा किया, और राज्य सरकारों के साथ मिल-बैठ कर हम ने उन सारे आदेशों या डायरेक्शन्ज पर चर्चा की, और उन की कठिनाई क्या है, और कहां तक हम उस कठिनाई को दूर कर सकते हैं, इस पर हम ने उन की राय का या अनुभव को जानने की कोशिश की ।

मैं एक उदाहरण दूंगा । हाल में मैं बिहार गया था—क्योंकि बिहार की घटनाओं से माननीय सदस्य बहुत चिन्तित हो उठे थे—, और बिहार में जो भी एट्रासिटी-प्रोन डिस्ट्रिक्ट्स हैं, उन के अफ़सरों को हम ने बुलाया था, और राज्य सरकार के अफ़सरों और मंत्रियों के साथ—मुख्य मंत्री भी उन में शामिल थे—हम ने विचार किया था। हम ने वहां कहा था कि इन दस जिलों में आप दस हजार होम गार्डज की तत्काल भर्ती कर लें, जिसका खर्चा केन्द्रीय सरकार 50 : 50 बेसिस पर उठायेगी —एक जिले में एक हजार होम गार्डज की भर्ती कर लें, जिन में अधिकांश हरिजन हों। वैसे ही इन जिलों में पुलिस को मजबूत करने के लिए, उन को आधुनिक साज-सज्जा देने के लिए, उस को द्रुतगामी सवारी देने के लिए, इन सारी चीजों के लिए भी हम ने उन को रुपये की मंजूरी दे दी और उनकी और जो भी कठिनाइयां होती हैं उन को हम ने उनसे सुना, उनका जायजा लिया और उस पर हम लोग विचार कर रहे हैं ।

मैं यह कह रहा था कि हरिजनों पर जो ये जुल्म होते हैं उन की रोकथाम के लिये शार्ट टर्म में, जल्दी से जल्दी हम क्या कर सकते हैं इस पर हम बराबर ही विचार कर रहे हैं और जो भी आवश्यक कदम हैं यह हम अवश्य उठाते हैं । राज्य सरकारों की ओर से हम को अनुकूल प्रतिक्रिया मिली है, मिल रही है, और राज्य सरकारों का सहयोग मिल रहा है । यद्यपि अभी भी हमारे लिए यह कहना बिल्कुल संभव नहीं है कि जो अत्याचार हो रहे हैं उस में बहुत कमी हो गई है या उस का उस पर प्रभाव पड़ा है लेकिन इस का प्रभाव होगा, यह मेरा विश्वास है । मैं माननीय सदस्यों से दूसरी बात कहना चाहता हूं कि ये जो आंकड़े हैं एट्रासिटीज के जिससे माननीय सदस्य बहुत चिन्तित होते हैं, इस के पीछे जा कर देखें तो इस के लिए जो सब से बड़ा कारण है वह है आर्थिक । माननीय सदस्यों ने कहा कि ये जो हरिजनों पर जुल्म और सितम होते हैं चाहे व्यक्ति की ओर से हों चाहे सामूहिक हों, जाति की ओर से हों, दोनों तरफ से होते हैं लैंड-लार्ड भी करता है और कास्ट भी, जाति भी करती है। यह सोशल और एकोनामिक दोनों हैं . . .

श्री बही लाल (बिजनौर): सोशल कम है एकोनामिक ज्यादा है ।

श्री धनिक लाल मण्डल : हां, वही मैं कह रहा हूं । मैं दोनों कह रहा हूं । आप सुनिए। हम को बीच में रोकिएगा तो हमारा प्रवाह टूट जायगा ।

मैं यह कह रहा था कि ये जो घटनाएं होती हैं उन के पीछे जो कारण है वह कारण यह है कि हरिजन अब जागृत हो गए हैं, अपने अधिकारों के प्रति सजग हो गए हैं और अपने अधिकारों को लेने के लिए अब वह प्रयास कर रहे हैं । एसर्ट कर रहे हैं। इस से जो संघर्ष पैदा होता है इस संघर्ष में हरिजन कमजोर होते हैं और इसलिए यह बेमेल लड़ाई हो जाती है । जैसे राम विलास पासवान जी ने कहा है कि यह बेसेल लड़ाई हो जाती है, एक तरफ तो कमजोर लोग खड़े होते हैं, दूसरी तरफ मजबूत लोग खड़े होते हैं , इन दोनों के बीच में हरिजन जो कमजोर होते हैं, मारे जाते हैं । पीटे जाते हैं, सताये जाते हैं । यह कारण है कि हरिजनों पर इतना जुल्म हो रहा है और यह बात सही है कि जो घटनाएं हो रही हैं उस को यदि इस परिप्रेक्ष्य में देखें, इस दृष्टि से देखें तो यह जो बढ़ती हुई रेखाएं हैं वह इसलिए हैं कि अब ये सामाजिक और आर्थिक संघर्ष अधिक होने लग गए हैं यद्यपि इन संघर्षों में हरिजन कमजोर होने के नाते पिटते हैं, यह बात सही है । इसलिए अभी जो चार्ट कुछ बढ़ता हुआ दिखलाई दे रहा है इस का कारण यह है कि ये सामाजिक और आर्थिक संघर्ष बढ़ रहे हैं और ये बढ़ते जायेंगे जैसी कि आशा है । जो माहौल है, जो वातावरण है, जो आज की दुनिया है उस को देखते हुए और जो आज की हमारी मान्यताएं हैं, संस्कृति है, जो जनतंत्र का वातावरण है, इन सारी चीजों को लें तो यह अवश्यंभावी है कि संघर्ष बढ़ेंगे । इस संघर्ष में हरिजन कमजोर न रहें, उन को मजबूत बनाया जाये जिस से वे पिटें नहीं इस के लिये सरकार को क्या उपाय करना चाहिये यह देखने की बात है जिस से सरकार हरिजनों के साथ दे सके और हरिजन अपना अधिकार ले लें, उस में वह पिटें नहीं क्योंकि सरकार चाहती है कि हरिजन समस्या का हल हो जाय और अपने समाज में हरिजन और सवर्ण, अवर्ण, और सवर्ण नाम की कोई चीज न रह जाय, दोनों समाप्त हो कर एक समाज बन जाय । इस में हम कैसे उन की मदद कर सकते हैं इस के सम्बन्ध में मैं निवेदन कर रहा था कि हमारा काम इन को मजबूत करने का सब से पहले है । यह जो सारी बातें होती हैं कि पुलिस में इन की भर्ती होनी चाहिये , प्रापर रेप्रेजेन्टेशन होना चाहिए, सर्विसेज में इन की भर्ती होनी चाहिए, इन को प्रापर रेप्रेजेन्टेशन देना चाहिए, और भी जो मांगें हैं अपनी जगह पर उचित हैं । लेकिन मैं दूसरी चीज की ओर संकेत करना चाहता हूं । सब से बड़ा प्रश्न आर्थिक है । इनकी कमजोरी उतनी फिजिकल नहीं है

जितनी कि आर्थिक है । एक तरफ बन्दूक है और दूसरी तरफ लाठी है —इस बात को भी मैं मानता हूं कि हरिजन लाठीधारी होते हैं और भूस्वामी बन्दूक धारी होते हैं उनकी लड़ाई बेमेल है । इसके बावजूद सब से बड़ा प्रश्न आर्थिक है । लाठीधारी भी बन्दूकधारी को पीट सकता है लेकिन असल कमजोरी यह है कि हरिजन के पास जमीन नहीं है, रोजगार नहीं है, व्यापार नहीं है, नौकरी नहीं है, उद्योग नहीं है, हरिजन के पास कोई असेटस नहीं हैं। इसकी वजह से वे कमजोर हो जाते है । वे संगठित भी नहीं हो सकते हैं। उन के पास हथियार भी नहीं है । लेकिन अभी मैं बात आर्थिक स्थिति की कर रहा हूं ।

सरकार ने इस बात को स्पष्ट किया है और इस बात का एलान किया कि पांच साल में अस्पृश्यता को खत्म करना है । यह जो कोढ़ है उसकी वजह से आज भी हम कमजोर बने हुए हैं और जब तक इस को खत्म नहीं किया जाता है तब तक हम कमजोर ही बने रहेंगे । इसीलिए प्रधान मंत्री जी ने इस बात का एलान किया तो एक वर्किंग ग्रुप का निर्माण किया गया ताकि वह कार्यक्रम सुझा सके । तो एक तरफ एलान हुआ और दूसरी तरफ कार्यक्रम बनाने के लिए वर्किंग ग्रुप का निर्माण किया गया । केवल नीतियों के एलान से कुछ नहीं होगा, कार्यक्रम भी होना चाहिये जिस से कि पांच साल में इस कोढ़ से छुटकारा मिल सके। उस वर्किंग ग्रुप ने अपनी रिपोर्ट दी है जिसमें बहुत सी अनुशंसायें हैं । मैं यहां पर केवल तीन का ही जिक्र करना चाहता हूं । एक अनुशंसा यह है कि इनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जाये—यह बात बहुत जरूरी है क्योंकि आज तक जितनी भी बातें हुई हैं तीस वर्षों में—मैं आलोचना के स्वर में नहीं कह रहा हूं—उस से यह बात स्पष्ट है कि जितनी भी योजनायें बनीं वह उन के जीवन को बिना छुए अगल-बगल से कतरा कर चली गई। यह आब्जर्वेशन मेरा नहीं बल्कि प्लानिंग कमीशन का है । यह जो विकास के काम हुए, निर्माण के काम हुए, योजनाबद्ध ढंग से योजनायें चलाई गईं उन से इस वर्ग के लोगों का कल्याण नहीं हुआ —यह स्पष्ट बात है । योजना बनाने वाले ही इस बात को कह रहे हैं । उस का फल यह हुआ कि हरिजनों को उसका लाभ नहीं मिला । फिर उनका विकास कैसे होता ? उनका विकास नहीं हुआ । इसलिए वर्किंग ग्रुप ने कहा कि योजनाओं की तहत लेकर इनका विकास करना होगा । पावर्टी लाइन से नीचे के जो 60 परसेंट लोग हैं उन में अधिकांश हरिजन ही हैं । जब तक आर्थिक रूप से इन को विकसित नहीं किया जाता है तब तक ये मजबूत नहीं हो पायेंगे । हमारा उद्देश्य यही है कि इनको हम मजबूत बनायें, संगठित बनायें, ताकि जीवन संघर्ष में वे जो कमजोर पड़ते जा रहे हैं, जिस के कारण अत्याचार, जुल्मो सितम के शिकार होते हैं उस से उन को बचाया जा सके । इस के लिए उन का आर्थिक विकास होना जरूरी है । इस सम्बन्ध में वर्किंग ग्रुप ने तीन अनुशंसायें की हैं । एक तो यह कि स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान बनाया जाये । क्योंकि हरिजनों का विकास मात्र होम मिनिस्ट्री का कन्सर्न रहेगा, मात्र राज्यों में वेलफेयर डिपार्टमेंट का कन्सर्न रहेगा ? इससे तो हरिजनों का विकास नहीं हो सकता । हरिजनों का विकास तभी हो सकता है जब कि जितने भी डेवलपमेंट के सेक्टर्स हैं, विकास के जितने भी क्षेत्र हैं चाहे वह राज्य सरकारों के हैं या चाहे केन्द्रीय सरकार के हैं, चाहे स्टेट प्लान में हैं और चाहे सेंट्रल प्लान में हैं जो भी डेवलपमेंट के सेक्टर हैं, उन सेक्टरों में स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान डालना होगा, उन में उन स्कीमों को आइडेंटीफाई करना होगा जो हरिजनों के जीवन को छुए, उनके जीवन का निर्माण करें और उनके जीवन का विकास करें। ऐसी स्कीमों को आइडेंटीफाई करना और जब ये आइडेंटीफाई हो जाएं, तो इन सेक्टरों के डिवीजिबिल स्कीम से इतना रुपया कम से कम ईयरमार्क करना होगा जितनी उनकी आबादी है । मैं बार बार यह कह रहा हूं कि उन की आबादी के अनुपात से होना चाहिए वैसे होना तो यह चाहिए कि गरीबों में जो उन की आबादी है, देश की कुल आबादी के 60 सैकड़ा लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं और उन में भी 60 सैकड़ा लोग हरिजनों के हैं और उस अनुपात में रुपया दिया जाना चाहिये लेकिन कम से कम उन की आबादी के हिसाब से पैसा अलग कर दिया जाए और उन स्कीमों को आईडेंटीफाई किया जाए, जो उन के जीवन को बनाएं, इन के जीवन का निर्माण करें । इस तरह से स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान बना कर और हर सेक्टर में स्कीम बना कर के आइडेंटीफाई कर के डिवीजीबिल स्कीम से उतना पैसा ईयरमार्क कर के जितनी उन की आबादी है, उन के लिए काम किया जाए और फिर फैमिली के आधार पर या व्यक्ति के आधार पर स्कीम बना कर उस काम में उन को लगाना और टार्गेट्स निश्चित करना कि पांच साल में 50 सैकड़ा परिवार और 10 साल में 100 सैकड़ा परिवारों को हम छू लेंगे, तब जा कर उन के लिये काम हो सकेगा । इस लिए एक कमेटी बनादी है और उस से कहा है कि एक स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान बनाया जाए जैसे कि आदिवासियों के लिये सब-प्लान बना है तीन, चार वर्षों में यह सब-प्लान का विचार पूरा रूप ले चुका है । इस का एक

[श्री धनिक लाल मण्डल]

रूप बन चुका है, प्रकार बन चुका है, इस का एक रंग है और एक नाम है । जो आदिवासी क्षेत्र हैं, उस में आदिवासियों के विकास के लिए हम एक सब-प्लान बनाते हैं लेकिन हरिजनों के साथ दिक्कत यह रही है कि हरिजन जनरल आबादी में घुले-मिले हैं।

[SHRI DHIRENDRANATH BASU *in the Chair*]

उन से अलग नहीं हैं जैसे ट्राइबल हैं । वे एक खास कनसेन्ट्रेशन में एक जगह होते हैं । हरिजनों के साथ दुश्वारी यह है कि ये जनरल पापुलेशन में घुले-मले है और जनरल पापुलेशन को ऊंचा उठाने के लिए जो एरिया प्लान बनाते हैं, उस से इन को लाभ नहीं मिलता और जो मजबूत लोग हैं, वे लाभ उठा लेते हैं। ..... (**व्यवधान**) .... ठीक है, वे सब से गन्दी आबादी में बसते हैं, जहां पर शुद्ध हवा नहीं मिलती है । यह सब दिक्कत है । इसलिए मैं कह रहा था कि यह जो कहा गया कि से जनरल आबादी में आ जाते हैं, सभी के साथ आबादी में ये आ जाते हैं, तो इस में कोई दुश्वारी नहीं है । हम लोगों ने इस के लिये एक वर्किंग ग्रुप बनाया है जो इस बात को देखेगा । जैसा कि मैंने पहले कहा कि सिर्फ यही टार्गेट नहीं होना चाहिए बल्कि टार्गेट तो यह होना चाहिये कि उस इलाके में जहां हरिजन लोग घुले-मिले रूप में बसे हुए हैं, जनरल आबादी के साथ बसे हुए हैं और जब वहां पर इन्फ्रास्ट्रक्चर बना हुआ है , तो फिर उन को और ज्यादा लाभ पहुंचाया जाए । इसलिए हम लोगों ने इस बात को स्वीकार कर के इस को अमल में लाने की कोशिश की है और मैं माननीय सदस्यों को यह बताना चाहता हूं कि हम लोग इस वर्ष सभी राज्य सरकारों से इस को मनवाने में सफल हो गये हैं । सभी राज्य सरकारों की राजधानियों में जा जा कर और उन के प्रतिनिधियों के साथ बैठ कर हम ने उन्हें सहमत करवाया कि इस साल जितने भी प्लान हैं, मिड-टर्म प्लान 1978-83 के, उन में स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान डाले जाएं । उन्होंने ऐसा किया है चाहे अभी थोड़े रकम ही डाले गये हों । किसी किसी राज्य में 6 सैक्टर इयरमार्क किया है एलोकेशन और हमारा कहना यह है कि उन की आबादी के अनुसार होना चाहिये अभी एक शुरुआत हुई है , एक बिगनिंग हो गया है और विश्वास है कि जिस तरह से प्लानिंग कमीशन का आशीर्वाद इस को मिला हुआ है और भारत सरकार के प्रधान मंत्री का विश्वास इस को मिला हुआ है, इस में हम को विश्वास है, इस में हम को कोई हिचक नहीं है । यह स्पेशल कम्पोनेंट प्लान बढ़ते-बढ़ते सब-प्लान के मुकाबले में आ जाएगा जैसे कि ट्राइबल, आदिवासियों का सब-प्लान है उनके विकास के लिये सब प्लान है । इस स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान को बढ़ा कर हम हरिजनों की तरक्की के लिये इसको मुख्य इंस्ट्रमेंट के रूप में व्यवहार करने जा रहे हैं । मैं इस बात को स्ट्रेस कर रहा था, तब कि जब हरिजनों की तरक्की के लिये कोई स्पेशल इंस्ट्रमेंट, मिकेनिजम को नहीं खोज लिया जाता तब तक जनरल प्लान से इनका फायदा नहीं होने वाला है । आज तक भी नहीं हुआ है और आगे भी नहीं होने वाला है । इसलिए इस इंस्ट्रमेंट को हम ने ढूंढ निकाला है और यह स्पेशल कम्पोनेंट प्लान हो सकता है । इसे हमने राज्यों में जा कर, राज्य सरकारों से बात करके बनाया है और हर सेक्टर में हम इसे डलवा रहे हैं । केन्द्रीय सरकार के जो विभाग हैं उन से भी हम आग्रह कर रहे हैं कि उनके जो डवलपमेंट सेक्टर हैं, उन में हरिजनों के विकास के लिए इस योजना के मुताबिक, स्पेशल कम्पोनेंट के मुताबिक काम करें और अपने अपने सेक्टर में, अपने अपने विभाग में हरिजनों की स्कीमों को आइडेन्टीफाई करके हरिजनों की आबादी के अनुपात में रुपया इसमें रखा जाए। जो हरिजनों की आबादी है और उनके लिये जो टारगेट्स हैं उनको स्पष्ट, क्लीयर रखा जाए कि किस हद तक, किस पैमाने तक उन को उठाना है ।

मुझे यह कहने में खुशी हो रही है कि यह जो हमारा स्पेशल कम्पोनेंट प्लान का आइडिया है, जिस तरह का आदिवासियों के लिए सब-प्लान है, उसी पैटर्न पर हम इसका विकास कर रहे हैं और राज्य सरकारों से इसे स्वीकार कराने में हम सफल हो गये हैं । चाहे इस में अभी केन्द्रीय सरकार के विभागों द्वारा थोड़े ही पैसे डाले गये हैं लेकिन यह पैसा बराबर बढ़ता जाएगा । जैसा कि प्रधान मंत्री जी ने कहा है कि यह आन गोइंग प्लान की तरह है और एक साल से दूसरे साल में राशि एडजस्ट होती रहेगी ।

दूसरा इंस्ट्रमेंट भी हम फोर्ज कर रहे हैं । जैसा कि माननीय सदस्य जानते हैं कि कुछ राज्यों ने शेड्यूल्ड कास्ट्स डवलपमेंट कारपोरेशन बनाये थे । खास कर के दक्षिण के राज्यों ने बनाये थे । पंजाब और हरियाणा में भी बने थे लेकिन वहां इनका बहुत अच्छा काम नहीं हुआ । मैं जो शेड्यूल्ड कास्ट्स कारपोरेशन हैं, इनका वित्तीय आधार कमजोर है और इनमें फाइनेंशयल ईस्टीट्यूशंस से भी कम पैसा आता है , इसलिए इनको बढ़ाने के लिये इन में केन्द्र का भी पार्टिसिपेशन मंजूर करवाया है । इस साल जो कि बीत गया है, उस में 50 लाख रुपया रखा गया था लेकिन इस साल दस करोड़ रुपये है की मंजूरी दी है । राज्यों में शेड्यूल्ड कास्ट्स डेवलपमेंट कारपोरेशन बने हुए हैं उन में शेयर कैपिटल में केन्द्रीय सरकार की हिस्सेदारी 49 परसेंट की होगी और 51

परसेंट राज्य सरकार लगायेंगी । इस आधार पर अब और राज्यों में भी यह काम शुरू हो गया है । मैं आप को बताना चाहता हूं कि इस साल चार स्टेट गवर्नमेंट्स ने ये कारपोरेशन बनाये हैं और इन में बिहार और उत्तर प्रदेश राज्य भी सम्मिलित हैं जहां सब से अधिक हरिजनों के विकास की समस्या है । जहां केन्द्रीय सरकार ने राज्यों से यह बात की है कि वह भी इस में शामिल होना चाहती है वहां उन्होंने भी अपने अपने डैवलपमेंट कारपोरेशन बनाये हैं ।

इसका उद्देश्य यही , क हम इस इंस्ट्रूमेंट के जरिए हरिजनों की सेवा करना चाहते हैं । हरिजनों के लिए जो इस बारे में हमने नियम बनाये हैं वे ये हैं कि एक-एक स्कीम अधिक से अधिक पांच हजार रुपये की होगी, उस से अधिक की नहीं होगी जिससे कि अधिक से अधिक हम उन को ऊंचा उठा सकें । एक का मैं ने उदाहरण दिया । ऐसे बहुत से राज्य हैं सब का मुझे याद नहीं है ।

तीसरी बात यह है कि जो वर्किंग ग्रुप ने सिफारिश की है हमको स्पेशल सेन्ट्रल असिस्टेंस भी चाहिये हरिजनों के काम को उनके विकास के काम को आगे बढ़ाने के लिये, तो इस पर हमारा प्रयास हो रहा है, क्योंकि जब तक हम नहीं मानेंगे तब तक राज्यों को प्रोत्साहन नहीं होगा । मैं एक जानकारी माननीय सदस्यों को देना चाहता हूं यद्यपि उन्होंने बहुत से प्रश्न उठाये हैं, माननीय राम विलास पासवान यहां नहीं हैं जिन्होंने हरिजन ऐट्रोसिटीज के बारे में प्रश्न उठाये, लेकिन मैं ने आपको बताया कि जो मुख्य बात है वह यह कि हमारा ध्यान इनके आर्थिक विकास की ओर होना चाहिये जहां से मजबूरियां पैदा होती हैं, जहां से बान्डेड लेबर पैदा होते हैं । इसको दूर करने के लिये हमारा प्रयास होना चाहिये । और उसके लिये जो हमें इन्स्ट्रूमेंट बनाने चाहियें, स्पेशल प्रोसीजर या मेकेनिज्म तैयार करनी चाहिये जिससे उन तक लाभ पहुंचा सकें, विकास का काम पहुंचा सकें, इस काम को ठीक करने के लिये हम जाग्रत हैं । इसलिये यह कहना कि राष्ट्रीय ताने बाने को और देश के अन्दर इसको सुदृढ़ करने के लिये कुछ नहीं किया जा रहा है मैं, समझता हूं कि यह आरोप निराधार है । बल्कि मैं कहना चाहता हूं कि जितना पहले कभी नहीं ध्यान दिया गया, उससे ज्यादा ध्यान इस ओर दे रहे हैं ताकि पांच साल के अन्दर सरकार के संकल्प के अनुसार हरिजन सवाल हल हो जाय । मैं इसको मिनिमाइज नहीं करता हूं मैं जानता हूं कि काम बहुत बड़ा है, समस्या बड़ी विकराल और जटिल है, लेकिन हमारा संकल्प भी उतना ही महान है और हमने प्रयास आरम्भ कर दिया है सही दिशा में । और मेरा विश्वास है कि इस प्रयास को आगे बढ़ाते जायेंगे और जितनी जल्दी हो सके इस समस्या को हल करेंगे ।

श्री ...लाल : मंत्री जी क्या बतायेंगे कि जो इंडस्ट्रियल कारपोरेशन्स हैं और जिन पर हमारा अरबों रुपया खर्च हो रहा है वहां के लिये आपने क्या किया है ? वहां भी उनको कोई रिजर्वेशन मिलेगा कि नहीं ?

MR. CHAIRMAN: The hon. Minister will reply later on.

SHRI M. N. GOVINDAN NAIR (Trivandrum): Mr. Chairman, Sir, even after hearing the speech of the State Minister, my view is that the Home Ministry has not yet been seized with the problems facing them. I need not emphasise that this is the most important Ministry, the effective functioning of which will ensure the health of the nation. Unfortunately, they do not discharge their duties for various reasons and the Ministry stands paralysed. As he himself pointed out, it is not because of administrative reasons. The basic reason is the inherent conflict between the character of our State which is democratic and secular and the political philosophy of Hindu Rashtra which runs counter to it. That philosophy has now gained a place in the ruling circles. That has created an entirely different situation in the country. I am not suggesting that any of the Ministers concerned coming from the Jan Sangh Party is instigating anyone. But their mere presence in the Ministry unleashes the anti-democratic and anti-secular forces in the country and it is they who are creating the problems which, it is very difficult for you to handle. Since you have entered into a fraternity with these forces and so your hands are tied. That is the basic problem.

As long as such a political philosophy is in the ruling group, however

[Shri M. N. Govindan Nair]

much you may try—I do not say that you have not tried it—with sincerity, Mr. Mandal, the situation will only aggravate. Here what Gandhiji said immediately after Partition becomes very pertinent. He pleaded with the entire nation that India is not a land only of the Hindus but a land of Muslims, Christians, Shik, Parsis etc. Everyone who is loyal to the Indian Union should have the full rights in this country. We have adopted the principle in our Constitution. This comes into direct conflict with the idea of Hindu Rashtra where they may tolerate other communities and other religious groups if they behave. So, the solution: You have the majority. If you want you can reorganise the Government without such elements and find a happy solution.

Now, because of this kind of development, the Muslims, the Christians and everybody is feeling insecure. I need not repeat what happened in Aligarh and all that. There is a general feeling, there is a fear among the Muslim community that they are not treated as normal citizens; they are treated as second class citizens. The same fear is among the other sections also. Now the Christians have that fear because, in the name of Freedom of Religion, you are trying to restrict their activities.

Look at the whole picture. Excepting Hindus, that too, upper-class Hindus, who will remain safe in this country? Hindus are not a homogenous community—there are the tribals; there are the backward clases. Are you prepared to accept their rights as equal citizens of this country? In theory you do but, in practice, you deny. That is the problem. Unless you are able to solve this political problem, however sincerely you may wish or however sincerely Mr. Mandal may wish, you will only be in a soup, you are in a soup. I do not want to go into further details.

The second point is about police. They are guided by the Police Act 1861. Their approach is the same as during the British times. Have you tried to bring about any change? You have appointed a National Police Commission but they are not going to look into these problems. A police machinery built up not to help the people but to suppress the people. If they feel their job is to harass the people how can you utilise such a machinery for the betterment of the administration? It is not only that the approach continued but also after Independence they are becoming a tool in the hands of the ruling political parties. Who rules is not the question. They have been taught to behave in that way. Are you thinking of any change? You are not. When you were in the Opposition you felt so but now when you are in the Administration you want them to behave the same way as they behaved earlier. This must go. In Britain the police is not under the control of the executive. It is only the Parliament that can appoint the Chief Police Commissioner and also it is only he who can give orders to the department. Here it is not only the Minister but also anybody belonging to his political party can go to the police station and demand of them to behave in a particular way. I would not like to suggest that you should follow either the U.K. or the USA system but I would like to give the example of Japan. In Japan it is a public safety commission consisting of the representatives of all the political parties that controls the police administration. They formulate policies. They review their activities. Why can't you bring forward such a change. Even in the political complexion of your government remains as defective as I pointed out earlier, if the police is brought under a better control—as has been suggested by me, many of the evils can be avoided. Are you prepared to do it?

Then another very important matter is that you must immediately dis-

band your intelligence wing of the police department. I do not know why they waited upto this day to do that. Whichever that government be the intelligence wing in the eye of the government. No minister can go round and find out what is happening. They must observe scrupulous objectivity in reporting and unless the government is aided by such a machinery they will find it difficult to arrive at correct decisions. I am not saying that the Intelligence Wing is not necessary: it is necessary but what is your Intelligence? The whole country was humilated before the entire world the other day when the Intelligence Department reported to the Prime Minister that J. P. Narayan was dead. Fortunately he is alive even today, Sir. How could it happen? I am not blaming the Prime Minister for making a wrong statement. But I can never understand how after that incident the same Director or the same Commissioner is sitting there in their respective chairs. You say you are instituting an enquiry. What enquiry? They must be dismissed; they must be disbanded. The whole wing should have been reorganised by this time. It is not only a question of wrong reporting about JP's death. If this is the casual way in which the Intelligence Department does its work, what is the use of having these people there? You should reorganise the whole department and you should bring in some new people who have a full sense of objectivity.

Then, Sir, I would request not only Janata Ministers, but Janata Members to refrain from bringing in legislation which will undermine democracy and secularism in this country. I am referring to the Freedom of Religion Bill brought forward by Shri O. P. Tyagi. What is the objective of this Bill? It is only for restricting the activities of the Christian Missionaries. I want a special commission to go from your Department to Mizoram. Let them study what has happened in Mizoram in the field of socio economic development, and what is the state of affairs there now. You go to Bastar, a nearby place. It is a tribal belt. But look at their tragic conditions. In Mizoram, the Christian Missionaries have educated them, raised their political level, raised their social level and cultural level. If you go there, you will feel you are in a modern town. Has it any comparison with Bastar? In such a situation, why should you come forward with such Bill? I am not for conversion of people by inducement and so on. That is not my idea. There is another Bill regarding ban of killing of cows and bulls. Already there is confusion in the minds of the minorities and other sections. There are many people in the country who eat meat, among Hindus, among scheduled castes, scheduled tribes, backward classes and others. All of them use meat. And now another private Member is bringing a Bill to ban the slaughter of bulls and calves. Bulls should not be killed. You know what has happened to Jethmalani's Bill. He brought his Private Member's Bill. But that has been pocketed by the Government. The other day this Religious Freedom Bill has been brought in by the private member. The Prime Minister, without even discussing it in the House, has blessed this Bill. Who knows, tomorrow Mr. Patel may say, killing of calves and bulls must be stopped? This kind of approach without respecting the sentiments of all the people of this country is not correct. India is not a land of the caste Hindus alone. India is a land of Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Muslims Christians, Sikhs and so on. So, if you don't have that feeling if you don't have that respect, for all the communities residing in this country, you will only be leading the country to disaster. Thank you.

SHRI PURNANARAYAN SINHA (Tezpur): Sir, I heard the speech of my hon. friend, Mr. Govindan Nair. If I were on that side, I would have rightly supported him in demanding the immediate removal of those offi-

[Shri Purnanarayan Sinha]

cers who had given false information and thus putting the Prime Minister and the House into disrepute. They have failed everywhere and in 1962 our military intelligence also failed. There was catastrophe in the North-Eastern frontiers during the Chinese aggression. They had failed in informing the Government during the aggression.

